ब्याज की दर वसूल करने में समर्थ बनाता है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, बैंकों को यह सलाह दी गयी है कि छोटे परिवहन चालकों को 1 जनवरी, 1978 के बाद स्वीकृत किये गये तीन वर्ष से कम की परिपक्वता वाले सावधिक ऋणों पर 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर वसूल न करे।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक भी पात्र संस्थानों को परिवहन चालकों को रियायती दरों पर वित्तीय सहायता देने के लिए, रियायती दरों पर पुनर्वित्त की सुविधा प्रदान करता है।

**बैलाडिल्ला से जापान को लौह अयस्क का निर्यात**

3374. **श्री लक्ष्मी नारायण नायक :** क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बेलाडिल्ला से लौह अयस्क का जापान को निर्यात कब तक किया जाता रहेगा, और

(ख) क्या केन्द्र सरकार द्वारा लौह अयस्क का जापान को निर्यात भारत और जापान के बीच एक संविदा की शर्तों के अन्तर्गत किया जा रहा है और यदि नहीं, तो क्या केवल बढ़िया किस्म का लौह अयस्क ही जापान को निर्यात किया जा रहा है और वहा का शेष घटिया किस्म का करोड़ों टन लौह अयस्क सरकार द्वारा किस प्रकार उपयोग मे लाया जा रहा है ?

**वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ बेग)** . (क) और (ख). 3-4-1970 को हस्ताक्षरित खनिज व धातु व्यापार निगम तथा जापानी स्टील मिल्स के बीच विद्यमान दीर्घावधि संविदा के अन्तर्गत, 65 प्रतिशत फी० ग्रेड के बेलाडिल्ला लौह अयस्क के निर्यात जापान को अप्रैल 1980 तक किये जाएंगे। खरीदार भी कीमतों के बारे मे सतोषजनक सहमति तथा इस करार की शर्तों के अध्यधीन वित्तीय वर्ष 1984 तक उतनी सीमा तक बेलाडिल्ला लौह अयस्क की खरीद जारी रखने के लिए सहमत हुए जितनी सीमा तक खनिज व धातु व्यापार निगम द्वारा उस समय सप्लाई की जा रही हो।

इस खान से निकलने वाला अयस्क बहुत ऊंचे ग्रेड का है। खनन कार्य करते समय लौह अयस्क का चूरा इकट्ठा हो जाता है और उसके निपटाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। फरवरी, मार्च 1978 के दौरान जापान को 2 लाख मे० टन का आजमाइशी निर्यात किया जा रहा है।

**Iron Ore export to Japan**

3375. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state.

(a) the quantity of iron ore exported to Japan during 1976-77 and 1977-78 (upto December);

(b) the rate at which iron ore is being supplied to Japan;

(c) whether it is a fact that export of iron ore has registered a fall, and

(d) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION (SHRI ARIF BEG): (a) The quantity of iron ore exported to Japan during 1976-77 was about 17.3 million tonnes and during 1977-78 (upto December, 1977) 11 6 million tonnes.